This question paper contains 16 printed pages]

# H.P.A.S. (Main)—2013

## LAW

## Paper II

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks :* 150

*Note* :— Part 'A' is compulsory and answer *four* questions from Part 'B'. *All* questions carry equal marks. Give reasons for your answers supported by relevant statutory provisions and case law. Write all parts of a question at one place in continuity.

भाग 'अ' अनिवार्य है तथा भाग 'ब' से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं । अपने उत्तरों के लिए सुसंगत कानूनी उपबन्धों तथा वाद विधि से समर्थित कारणों को दीजिए । एक प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक स्थान पर सतत् (लगातार) रूप में दीजिए ।

P.T.O.

**Part 'A'**

**(भाग 'अ')**

(*a*) When may a Court order attachment of the property of an accused who has absconded ? How will attachment be made in respect of immovable and movable properties ? 10

(*b*) When right or custom is in question, what facts are relevant ? Illustrate your answer. 10

(*c*) What is Quasi-contract ? What types of Quasi-contracts have been recognized by the Indian Contract Act ? 10

(अ) कब न्यायालय उस अभियुक्त की सम्पत्ति की कुर्की का आदेश दे सकता है जो फरार हो गया है । अचल तथा चल सम्पत्तियों के संबंध में कुर्की कैसे की जायेगी ?

(ब) जब अधिकार अथवा रूढ़ि प्रश्नगत हो, तब कौनसे तथ्य सुसंगत हैं ? उदाहरण सहित उत्तर दीजिए ।

(स) संविदा-कल्प क्या है ? किस प्रकार के संविदा-कल्पों को भारतीय संविदा अधिनियम द्वारा मान्यता प्रदान की गई है ?

## Part 'B'

## (भाग 'ब')

2. (*a*) 'A' informed 'B' in the year 2005 that she had stolen some ornaments of her neighbour 'C'. Thereafter 'A' was married with 'B' in the year 2007. In the year 2007, a prosecution began against 'A' for the offence of theft of the ornaments. 'B' is called to give evidence in this case. Whether 'B' can be compelled to disclose the communication made to him by 'A'. Give reasons. 10

(*b*) It will not be just to hold a person responsible for all kinds of consequences resulting from a tort committed by him. Explain referring to leading decided cases. 10

(*c*) Explain "Free Consent" according to Indian Contract Act. Refer to recent decided cases. 10

(अ) 'अ' ने 'ब' को वर्ष 2005 में सूचित किया था कि उसने अपनी पड़ोसन 'स' के कुछ आभूषणों की चोरी की थी । वर्ष 2007 में 'अ' और 'ब' का विवाह हो गया । वर्ष 2007 में आभूषणों की चोरी के अपराध के लिए 'अ' के विरुद्ध अभियोजन प्रारम्भ हुआ । इस वाद में 'ब' को साक्ष्य देने के लिए बुलाया गया । क्या 'अ' द्वारा दी गई संसूचना को प्रकट करने के लिए 'ब' को विवश किया जा सकता है ? तर्क दीजिए ।

(ब) "किसी व्यक्ति को उसके द्वारा की गई दुष्कृति के हर प्रकार के परिणामों के लिए दायी ठहराना न्यायपूर्ण न होगा ।" विशिष्ट निर्णीत वादों का उल्लेख करते हुए समझाइए ।

(स) भारतीय संविदा अधिनियम के अनुसार 'स्वच्छन्द' या स्वतन्त्र सहमति का वर्णन कीजिए । निर्णीत वादों का भी उल्लेख कीजिए ।

3. (a) "It is said that in every robbery or dacoity either there is theft or extortion." Explain with the help of cases and illustrations. 10

(b) What do you mean by 'Consideration' ? Is an agreement made without consideration valid ? Refer to decided cases. 10

(c) (i) Who is an expert ? Analyse the evidentiary value opinion of experts. 5

(ii) Distinguish between libel and slander under tort law. 5

(अ) कहा जाता है कि प्रत्येक लूट और डकैती में या तो चोरी अथवा उद्दापन नामक अपराध निहित होता है ? वादों और उदाहरणों की सहायता से स्पष्ट कीजिए ।

(ब) 'प्रतिफल' से आप क्या समझते हैं ? क्या बिना प्रतिफल के किया गया करार मान्य है ? निर्णीत वादों से स्पष्ट कीजिए ।

(स) (i) विशेषज्ञ कौन होता है ? विशेषज्ञ की राय की साक्षीय महत्ता को स्पष्ट कीजिए ।

(ii) अपमान-लेख व अपवचन में अन्तर कीजिए ।

4. (*a*) Explain doctrine of frustration of Impossibility citing *three* leading cases. 10

(*b*) 'A' girl student of a University declared herself for self-immolation. She got logs piled up in front of the main gate of the University and sprinkled kerosene oil over it. Thereafter she climbed over the pile of wood and sprinkled kerosene oil upon herself too. In the mean time the Police came and registered a case of "attempt to commit suicide". Answer giving reason whether student is guilty of committing the said offence and also discuss the law relating to "Suicide". Refer to cases. 10

(*c*) (*i*) 'A' and 'B' are jointly tried for murder of 'C'. It is proved that 'A' said, 'B' and I murdered 'C'. Can the Court consider the effect of this confession as against 'B' ? Give reasons. 5

(*ii*) 'A' and five others jointly participate in the commission of a tort against 'X'. 'X' wished to sue 'A' severally for the loss. Can 'X' do so ? Can he also sue all the five persons and 'A' jointly ? 5

(अ) **तीन** वादों की सहायता से 'विफलीकरण अथवा असम्भवता सिद्धान्त' की विवेचना कीजिए ।

(ब) विश्वविद्यालय की एक छात्रा ने आत्मदाह की घोषणा की । उसने विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर लकड़ी के लट्ठे इकट्ठा करवाये और उस पर मिटटी का तेल छिड़का । बाद में वह लकड़ी के ढेर पर चढ़ गई और अपने ऊपर भी मिट्टी का तेल छिड़का । इतने में पुलिस आ गई और उस पर 'आत्महत्या का प्रयास' का मुकदमा दर्ज किया । तर्क सहित उत्तर दीजिए कि क्या छात्रा के द्वारा कथित अपराध किया गया और आत्महत्या की विधि को वादों की सहायता से समझाइए ।

(स) (i) 'स' की हत्या करने के अपराध में 'अ' और 'ब' का संयुक्त विचारण होता है । यह सिद्ध हो गया है कि 'अ' ने कहा कि 'ब' और मैंने 'स' की हत्या की है । क्या न्यायालय इस ('अ' की) संस्वीकृति के प्रभाव का 'ब' के विरुद्ध विचार कर सकता है ? तर्क दीजिए ।

(*ii*) 'अ' तथा अन्य पाँच व्यक्ति 'य' के विरुद्ध अपकृत्य करने में सम्मिलित रूप से भाग लेते हैं । 'य' हानि के लिए अकेले 'अ' पर वाद लाना चाहता है । क्या 'य' ऐसा कर सकता है ? क्या वह 'अ' तथा अन्य पाँच व्यक्तियों पर सम्मिलित रूप में भी वाद ला सकता है ?

5. (*a*) 'X' has anger and hatred for 'Y' due to a property dispute between them in 2010. However there is evidence to show that 'X' was admitted in Mental Hospital for five years between 2000 to 2005. Subsequently to an arrangement on 5th May, 2010, 'X' stabbed 'Y' in broad day light. On seeing blood 'X' fainted but suddenly recovered. He then took out all his clothes and ran around the street marked announcing that 'X' is gone forever.

'X' was arrested. The Defence Council raised the plea of insanity. Decide in the light of law relating to insanity. 10

(*b*) Knowlege of risk does not necessarily imply assent. The maxim is "Volenti-non-fit-injuria", it is not "Scienti-non-fit-injuria". Discuss with the help of case law. 10

(*c*) Discuss fully the rule of Rylands *Vs* Fletcher and point out its defences. Does this rule suffer to cover cases like the Bhopal Gas Disaster and Uphar Cinema Hall ? 10

(अ) वर्ष 2010 में 'अ' जमीनी वादों (झगड़ों) की वजह से 'ब' से नाराज और दुश्मनी रखता है । 2000 से 2005 वर्षों तक 'अ' पागलों के अस्पताल में भर्ती रहता है । यह सही है । 5 मई, 2010 को 'अ', 'ब' को दिन में चाकू मारता है और खून देखकर बेहोश होता है

और तुरन्त ठीक भी हो जाता है । अपने सब कपड़े लेकर सड़क पर चिल्लाता भागता है कि 'अ' हमेशा के लिए खत्म हो गया ।

'अ' पकड़ा जाता है और वाद में बचाव पक्ष 'अ' के पागलपन का सहारा लेता है । तर्क सहित उत्तर दीजिए और 'पागलपन' (उन्मत्तता) को विस्तार से स्पष्ट कीजिए ।

(ब) खतरे का ज्ञान अनिवार्यतः स्वीकृति नहीं होता है । सूत्र है "स्वेछा से उठाई गई क्षति न कि खतरे के ज्ञान से उठाई गई क्षति ।" निर्णीत वादों की सहायता से उल्लेख कीजिए ।

(स) राइलैन्ड **बनाम** फ्लेचर के नियम की पूर्ण व्याख्या कीजिए तथा इस नियम के बचाव बताइये । क्या यह नियम भोपाल गैस विनाश और उपहार सिनेमा हाल जैसे मामलों के लिए पर्याप्त है ?

6. (*a*) Define dying declaration. Discuss fully its evidentiary value. Can an accused be convicted on the basis of dying declaration alone ? Refer to case law. 10

(*b*) Explain and illustrate the provisions of the Right of Private Defence as embodied in the Indian Penal Code. 10

(*c*) "A contract is private relationship between the parties who make it and no other person can acquire rights or incur liabilities under it." Explain. 10

(अ) मृत्युकालिक कथन की व्याख्या कीजिए । साक्ष्य के रूप में मृत्युकालिक की पूर्ण रूप से विवेचना कीजिए । क्या उसके आधार पर ही अभियुक्त को दोषी माना जा सकता है ? वादों की सहायता से समझाइए ।

(ब) भारतीय दण्ड संहिता में दिये गये प्रतिरक्षा के अधिकारों की उदाहरण देकर व्याख्या कीजिए ।

(स) ''संविदा पक्षकारों का एक निजी सम्बन्ध है और कोई दूसरा व्यक्ति इसके अन्तर्गत न अधिकार प्राप्त कर सकता है और न अपने ऊपर दायित्व ले सकता है ।'' व्याख्या कीजिए ।

7. (*a*) Discuss the evidentiary value of retracted confession. Refer to case law. 10

(*b*) Sohan went to house of Mohan for the purpose of committing theft. In the course of committing theft Sohan also raped 'B' daughter of Mohan. Can Sohan be tried jointly both for theft and rape ? Give reasons with reference to the provisions of the Code of Criminal Procedure. 10

(c) Define 'Criminal Conspiracy'. Can a person be held guilty of Criminal Conspiracy even for doing an act which is not illegal ? If so, in what cases ? 10

(अ) मुकर जाने वाली संस्वीकृति के साक्ष्यिक मूल्य की पूर्ण रूप से विवेचना कीजिए । वादों की सहायता से व्याख्या कीजिए ।

(ब) सोहन, मोहन के घर चोरी करने के उद्देश्य से गया । चोरी करने के दौरान सोहन ने मोहन की बेटी 'ब' के साथ बलात्कार भी किया । क्या सोहन का संयुक्त विचारण चोरी तथा बलात्कार दोनों अपराधों के लिए किया जा सकता है ? अपना तर्क दण्ड प्रक्रिया संहिता के उपबन्धों का सन्दर्भ देते हुए दीजिए ।

(स) आपराधिक षड्यंत्र की परिभाषा दीजिए । क्या कोई व्यक्ति ऐसे कार्य करने पर भी जो अवैध न हो, आपराधिक षड्यंत्र का दोषी ठहराया जा सकता है ? यदि ऐसा है, तो किन परिस्थितियों में ?

8. Distinguish between the following with the help of cases :

(i) 'Void' and 'illegal' agreements under Indian Contract Act. 8

(ii) Intention and motive under Indian Penal Code 8

(iii) Murder and culpable homicide 8

(iv) Public nuisance and private nuisance. 6

निम्नलिखित में वादों द्वारा अन्तर कीजिए :

(i) भारतीय संविदा अधिनियम में शून्य तथा अवैध समझौता

(ii) भारतीय दण्ड संहिता में आशय तथा हेतु

(iii) हत्या तथा आपराधिक मानव वध

(iv) लोक उपताप और प्राइवेट उपताप ।